जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

3 मई, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में स्वर्गीय डॉ. ज़ाकिर हुसैन की 54वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति और जामिया के पूर्व चांसलर और वाइस चांसलर स्वर्गीय डॉ. जाकिर हुसैन की 54वीं पुण्यतिथि मनाई।

जामिया के स्कूलों और विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक, विश्वविद्यालय के कर्मचारी और स्वर्गीय डॉ. जाकिर हुसैन के परिवार के सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित उनके मकबरे एकत्र हुए और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए वहां एक विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर जामिया की वाइस चांसलर प्रोफेसर नजमा अख्तर ने कहा, "इस विश्वविद्यालय के लिए उनकी महान सेवाएं और योगदान अतुलनीय हैं। वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री और एक उत्कृष्ट बुद्धिजीवी थे। वह भारत रत्न से सम्मानित थे, जिन्होंने विश्वविद्यालय, समुदाय और राष्ट्र के कल्याण में गहरी रुचि के कारण अपनी दुर्लभ दृष्टि, उल्लेखनीय दृढ़ विश्वास से जामिया को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया